श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 20, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज बुधवार, 26 अगस्त, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

चौदह सितंबर से शुरू होगा संसद का 18 दिवसीय मानसून सत्र

संसदीय मामलों की कैबिनेट कमेटी ने 14 सितंबर से एक अक्तूबर तक संसद सत्र को चलाने का प्रस्ताव किया है

नई दिल्ली, जागरण ब्यूरो। कोरोना महामारी के बीच संसद के मानसून सत्र बुलाए जाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। संसदीय मामलों की कैबिनेट कमेटी ने 14 सितंबर से एक अक्तूबर तक संसद सत्र को चलाने का प्रस्ताव किया है। 18 दिवसीय सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों में कोरोना वायरस से बचने के लिए काफी सावधानियां बरती जाएंगी। संसद की कार्यवाही बिना किसी छुट्टी के रोजाना चलेगी। मार्च महीने में कोविड-19 वायरस के बढ़ते प्रकोप को रोकने के लिए देशव्यापी लाकडाऊन लागू किया गया था, जिसे चरणबद्ध तरीके से खोला जा रहा है।

अनलॉक-4 में छूट के बाद संसद की बैठक बुलाई जाएगी। इसके लिए दोनों सदनों में सदस्यों के बैठने का बंदोबस्त को लेकर विशेष सावधानियां बरती जा रही हैं। कोरोना वायरस से बचाव के लिए सदस्यों के बीच दूरी बनाए रखने के उद्देश्य से दोनों सदनों की गैलरियों और चैंबरों का उपयोग किया जाएगा। संसदीय इतिहास में 1952 के बाद पहली बार ऐसे प्रावधान किए जा रहे हैं।

राज्यसभा सचिवालय के मुताबिक, उच्च सदन के 60 सदस्यों के बैठने के लिए चैंबर और 51 सदस्यों को गैलरी में जगह बनायी जा रही है। बाकी 132 सदस्यों को लोकसभा के चैंबर में बैठने की व्यवस्था होगी। अपने सदस्यों के बैठने की इसी तरह की व्यवस्था लोकसभा सचिवालय भी कर रहा है। संसद में पहली बार अलग-अलग बैठे सदस्यों को लाइव जोड़ने के लिए बड़ी-बड़ी डिसप्ले स्क्रीन लगाई जाएंगी। दोनों सदनों के बीच अल्ट्रा वायलेट जर्मीसिडल इरेडिएशन स्पेशल केबल बिछाई जाएगी। स्वास्थ्य सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।

राज्यसभा सभापति एम. वेंकैया नायडू और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के बीच 17 जुलाई को हुई बैठक में सदन की गैलरी और चैंबर में सदस्यों के बैठने के बंदोबस्त के बारे में फैसला किया गया था। उसी दौरान प्रस्तावित प्रबंध के बारे में विस्तार से समीक्षा की गई थी। राज्यसभा के सभापति नायडू ने सभी अफसरों को अगस्त के तीसरे सप्ताह तक तैयारियों को निपटा लेने का निर्देश दिया है। उसके बाद फाइनल समीक्षा, परीक्षण और रिहर्सल किया जाएगा। विशेष परिस्थितियों के मद्देनजर दोनों सदनों की बैठकें बारी-बारी से होंगी। एक सदन की कार्यवाही सुबह की पारी में चलेगी तो दूसरी शाम की पारी में होगी। कोविड-19 की वजह से संसद का बजट सत्र अपने निर्धारित समय से पहले 23 मार्च को स्थगित कर दिया गया था। संसदीय प्रावधान के मुताबिक प्रत्येक छह महीने में संसद सत्र बुलाया जाना चाहिए।

प्रशांत भूषण की सजा पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने अवमानना मामले में दोषी ठहराए गए वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण की सजा पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। न्यायमूर्ति के अवमानना वाले ट्वीट के लिए भूषण के माफी न मांगने पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि माफी मांगने में क्या गलत है, क्या यह शब्द इतना बुरा है। वहीं, सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल के के वेणुगोपाल ने सुप्रीम कोर्ट से कहा था कि प्रशांत भूषण को अवमानना मामले में चेतावनी देकर छोड़ दिया जाना चाहिए। इस पर पीठ ने कहा कि व्यक्ति को अपनी गलती का एहसास होना चाहिए। हमने प्रशांत भूषण को समय दिया, लेकिन उनका कहना है कि वह माफी नहीं मांगेंगे। शीर्ष अदालत ने अटॉर्नी जनरल से पूछा कि प्रशांत भूषण का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट का पतन हुआ है, क्या यह आपत्तिजनक नहीं है। न्यायपालिका के खिलाफ अपने अपमानजनक ट्वीट को लेकर खेद नहीं प्रकट करने के रुख पर दोबारा विचार करने के लिए कोर्ट ने प्रशांत भूषण को 30 मिनट का समय दिया गया था।

वहीं, इसके पहले कोर्ट ने 20 अगस्त को भूषण की सजा पर सुनवाई करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। इससे पहले कोर्ट ने भूषण को बिना शर्त माफी मांगने के लिए 24 अगस्त तक का समय दिया था, लेकिन उन्होंने माफी मांगने से इन्कार कर दिया। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में दाखिल पूरक बयान में प्रशांत भूषण ने कहा कि अगर वह माफी मांगते हैं तो ऐसा करना उनकी नजर में उनकी अंतरात्मा और इस संस्था की अवमानना होगी। सुप्रीम कोर्ट प्रशांत भूषण को प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे व पूर्व चार प्रधान न्यायाधीशों के बारे में दो ट्वीट करने के लिए न्यायालय की अवमानना का दोषी ठहराया गया है।

मध्य प्रदेश के देवास में दो मंजिला इमारत गिरी, कई लोग दबे

मलबे दबे लोगों को ढंढने का प्रयास करते लोग

देवास, एएनआइ। मध्य प्रदेश के देवास में लाल गेट इलाके के पास दो मंजिला इमारत गिर गई है। इस हादसे का शिकार हुए 6 लोगों को बचाकर अस्पताल भेजा गया है। घटनास्थल पर राहत और बचाव अभियान जारी है। अभी इस बात की जानकारी नहीं मिल पाई है कि मलबे में कितने लोग दबे हैं।

चुनाव आयोग साझा नहीं कर रहा मतदाता पहचान पत्र की जानकारी

नई दिल्ली, प्रेट्र। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि वह अपने 2008 के दिशानिदेर्शों से बिल्कुल भी नहीं हटा है। वह फोटो पहचान पत्र से जुड़ी जानकारियां किसी भी सरकारी विभाग के साथ साझा नहीं कर रहा है। इस बारे में आ रही रिपोर्ट पूरी तरह से असत्य हैं।

इंटरपोल ने नीरव मोदी की पत्नी के खिलाफ जारी किया रेड कॉर्नर नोटिस

अमेरिका में करीब 24 करोड़ की संपत्ति जब्त

नई दिल्ली, एजेंसियां। पीएनबी बैंक धोखाधड़ी मामले के मुख्य आरोपित नीरव मोदी की पत्नी अमी मोदी के खिलाफ इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया है। 13,500 करोड़ रुपये की जालसाजी मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आग्रह पर इंटरपोल ने यह कदम उठाया है। अमी मोदी एक अमेरिकी नागरिक हैं। उधर, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने अमेरिका में नीरव मोदी से 3.25 मिलियन डॉलर (करीब 24.33 करोड़ रुपये) की संपत्ति जब्त करने में सफलता हासिल की।

ईडी ने जांच में पाया कि बैंक धोखाधड़ी के पैसे से अमी मोदी ने न्यूयार्क के सेंट्रल पार्क में दो अपार्टमेंट खरीदे। पिछले साल सितंबर में नीरव मोदी के छोटे भाई नेहाल मोदी और बहन पूर्वी मोदी के खिलाफ इंटरपोल नोटिस जारी कर चुका है। रेड कॉर्नर नोटिस अंतरराष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट है। किसी भगोड़े के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने के बाद इंटरपोल अपने 192 सदस्य देशों से संबंधित व्यक्ति को देखे जाने पर गिरफ्तार या हिरासत में लेने के लिए कहता है। इसके बाद प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू की जाती है। माना जा रहा है कि 2018 में बैंक धोखाधड़ी का मामला सामने आने के बाद अमी मोदी देश छोड़कर भाग निकली।

ईडी ने भगोड़े हीरा कारोबारी की पत्नी पर पति और उसके मामा मेहुल चोकसी एवं अन्य के साथ मिलकर साजिश रचने और मनी लॉन्ड्रिंग करने का आरोप लगाया है। उसके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। मार्च 2019 में लंदन में गिरफ्तार होने के बाद से नीरव मोदी ब्रिटेन की एक जेल में बंद है। वर्तमान में वह प्रत्यर्पण का सामना कर रहा है। इस साल के शुरू में मुंबई की एक कोर्ट ने उसे भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया और उसकी संपत्ति जब्त करने का आदेश दिया था। ईडी उससे जुड़ी करीब 329 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर चुकी है।

ज्ञात हो कि इससे पहले पीएनबी धोखाधड़ी मामले में भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी की ब्रिटेन की कोर्ट ने न्यायिक हिरासत बढ़ा दी गई थी। मोदी पर भारत को प्रत्यर्पण किए जाने के मामले की सुनवाई चल रही है। नीरव मोदी पर पंजाब नेशनल बैंक के करीब 13 हजार करोड़ रुपये से ज?यादा के फजीर्वाड़ा का आरोप है। इसे लेकर भारत में विभिन्न जांच एजेंसियों ने उनके खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। इस मामले में मोदी के सहयोगी मेहुल चौकसी भी भारत में वांछित हैं।

सीबीआइ ने मुंबई पुलिस के दो अधिकारियों को भेजा समन



नई दिल्ली, ऐजंसियां। सुशांत सिंह राजपूत के केस में जांच कर रही सीबीआई की जांच का आज पांचवा दिन है। मामले में सीबीआई की जांच तेज रफ्तार से चल रही है। जांच टीम के अधिकारी लगातार संबंधित लोगों के पूछताछ कर रहे है। सीबीआई ने आज मुंबई पुलिस के भूषण बालनेकर को समन भेजा है। इसके अलावा बांद्रा पुलिस स्टेशन के सब इन्स्पेक्टर को भी समन भेजा गया है। वहीं, दूसरी ओर सुशांत के चार्टर्ड अकाउंटैंट संदीप श्रीधर, सुशांत के दोस्त सिद्धार्थ पिठानी, रसोइए नीरज, रजत मेवाती और केशव समेत सीबीआइ 6 लोगों से डीआरडीओ गेस्ट हाउस में पूछताछ की गई। इसी गेस्टहाउस में सुशांत के केस की जांच कर रही सीबीआई की टीम ठहरी हुई है। माना जा रहा है अब सीबीआइ रिया चक्रवर्ती को कभी भी पूछताछ के लिए बुला सकती है।

- सुशांत सिंह राजपूत केस में फिलहाल 6 लोगों से पूछताछ चल रही है। सीबीआइ की टीम संदीप श्रीधर, सिद्धार्थ पिठानी, नीरज सिंह, रजत मेवाती और केशव समेत 6 लोगों से डीआरडीओ गेस्ट हाउस में पूछताछ की।
- सुशांत सिंह राजपूत के दोस्त सिद्धार्थ पिठानी और कुक नीरज ऊक्कड के गेस्ट हाउस पहुंचे थे। इसी गेस्टहाउस में सीबीआई की टीम ठहरी हुई थी।

शुक्रवार से मुंबई में जांच कर रहीं सीबीआइ की अलग-अलग टीमें सोमवार को वाटर स्टोन रिजॉर्ट, कोटक महिंद्रा बैंक और कूपर हॉस्पिटल में पूछताछ करने पहुंचीं। एक टीम डीआरडीओ-एयरफोर्स गेस्टहाउस में सुशांत की मौत के दिन उनके फ्लैट में मौजूद रहे सिद्धार्थ पिठानी एवं रसोइए नीरज से पूछताछ की। रिया वाटर स्टोन रिजॉर्ट में सुशांत के साथ दो महीने रही थी। उधर सीबीआइ ने सुशांत की पोस्टमार्टम रिपोर्ट को एम्स की फॉरेंसिक टीम को सौंप दिया है। फॉरेंसिक विभाग की पांच सदस्यीय टीम ने इनका विश्लेषण शुरू कर दिया है। एम्स की टीम समझने की कोशिश कर रही है कि पोस्टमार्टम में मौत का जो कारण बताया गया है वह सही है या नहीं। बताया जा रहा है कि सुशांत की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गर्दन की मोटाई 59.5 सेंटीमीटर लिखी गई है, जबकि गर्दन पर फंदे के निशान की लंबाई 33 सेंटीमीटर है। फॉरेंसिक विशेषज्ञ इस पर हैरानी जता रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अंतर इतना ज्यादा नहीं होना चाहिए।

रिया को सीबीआइ ने नहीं भेजा अब तक समन

तमाम अटकलों के बावजूद सीबीआइ ने इस मामले की मुख्य आरोपित रिया चक्रवर्ती से पूछताछ नहीं की। रिया के वकील सतीश मानेशिंदे के अनुसार अभी रिया को सीबीआइ का समन भी नहीं मिला है। सीबीआइ अभी अपना पूरा ध्यान सिद्धार्थ पिठानी एवं नीरज सिंह पर केंद्रित कर रही है। माना जा रहा है कि सुशांत के आसपास रहनेवालों से कुछ ठोस तथ्य हासिल होने के बाद ही सीबीआइ रिया चक्रवर्ती, उसके परिवार के अन्य सदस्यों अथवा किसी और को पूछताछ के लिए बुलाएगी।

सीतारमण ने कहा- कोरोना महामारी से निपटने के लिए ढांचागत सुधार सरकार की प्राथमिकता

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली। कोरोना की चुनौतियों से निपटने के लिए ढांचागत सुधार सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। उद्योग संगठन कंफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआइआइ) से एक वर्चुअल संवाद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह बात कही। वित्त मंत्री ने बैंकों समेत मंत्रिमंडल से मंजूरी प्राप्त विनिवेश प्रस्तावों पर तेजी से आगे बढ़ने की बात भी कही। उन्होंने यह भी कहा कि जरूरत पड़ने पर सरकार छोटे उद्यमों को बिना गारंटी कर्ज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए तीन लाख करोड़ रुपये की इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम (ईसीएलजीएस) में बदलाव को तैयार है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार की तरफ से कोरोना से निपटने के लिए घोषित सभी नीतियों में ढांचागत सुधार को शामिल किया गया है। देश में बुनियादी सुविधा विकास कार्यक्रम कोरोना की चुनौतियों से निपटने में काफी सहायक साबित होगा। उन्होंने कहा कि पिछले साल सरकार ने कॉरपोरेट टैक्स में कमी की थी, लेकिन कोरोना की वजह से इस फैसले का निवेशक फायदा नहीं उठा सके हैं। कोरोना के बाद के काल में नए निवेश में बढ़ोतरी होगी। वित्त मंत्री ने टूरिज्म, होटल, हवाई यात्रा, रियल एस्टेट, रेस्टोरेंट जैसे सेवा क्षेत्र की स्थिति पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि केंद्र सरकार इनसे जुड़े मानक परिचालन नियमों (एसओपी) की समीक्षा कर रही है। इस दौरान वित्त मंत्री के समक्ष दोपहिया वाहनों पर जीएसटी दर में कटौती की मांग भी रखी गई।

उत्तर, मध्य और पूर्वी भारत में अगले चार-पांच दिन जमकर होगी बारिश



नई दिल्ली, प्रेट्र। उत्तर, पूर्वी और मध्य भारत में अगले चार-पांच दिनों के दौरान झमाझम बरसात होगी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने यह पूवार्नुमान व्यक्त करते हुए ओडिशा में 26 और छत्तीसगढ़ में 27 अगस्त को मूसलाधार बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। विभाग ने दिल्ली और उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में भी बुधवार को भारी बारिश का अनुमान व्यक्त किया है।

आइएमडी ने कहा कि उत्तरी बंगाल की खाड़ी और उसके आस-पास के इलाकों के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र (समुद्री तूफान) बना हुआ है, जिसके अगले चार-पांच दिनों में पश्चिम-पश्चिमोत्तर दिशा में बढ़ने की संभावना है। इसके प्रभाव के चलते ओडिशा, बंगाल के गंगा के किनारे वाले क्षेत्रों और झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में 28 अगस्त तक कहीं भारी तो कहीं अत्यधिक भारी बरसात होने की संभावना है। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और पश्चिमी राजस्थान के कई इलाकों में भी 26-28 अगस्त के बीच भारी बरसात होगी। इसके अलावा ओडिशा के कुछ क्षेत्रों में 25-26 और छत्तीसगढ़ में 27 अगस्त को कई स्थानों पर बहुत अधिक तेज बारिश हो सकती है।

आइएमडी के राष्ट्रीय मौसम पूवार्नुमान केंद्र की प्रमुख सती देवी ने कहा कि उत्तर, मध्य और पूर्वी भारत में व्यापक रूप से तेज बारिश होगी। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, झारखंड के कुछ दूर-दराज के इलाकों में भी भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। साथ ही बुधवार को उत्तर प्रदेश, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, बंगाल, राजस्थान, पूर्वी मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र, बिहार, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के कई इलाकों में भी भारी बारिश होने का अनुमान है।

सोना तस्करी मामले से जुड़ी फाइलें जलाई गईं : कांग्रेस

तिरुवनंतपुरम, एएनआइ। केरल सचिवालय में मंगलवार को आग लग गई। कुछ ही देर बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। किसी के घायल होने सूचना नहीं है। वहीं, सचिवालय में आग लगने की घटना को लेकर कांग्रेस ने केरल सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस नेता रमेश चेन्निथला ने कहा कि सोने के तस्करी के मामले में बहुत महत्वपूर्ण फाइलें पूरी तरह से जला दी गईं हैं। अब इस मामले से जुड़ी कोई बैकअप फाइल उपलब्ध नहीं है। यह एक संदिग्ध मामला है। इस पूरी घटना के लिए राज्य के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन जिम्मेदार हैं। आग लगने के बाद ही विपक्षी कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के विधायक धरने पर बैठ गए। विधायकों ने आरोप लगाया कि आग लगी नहीं, बल्कि लगाई गई है। उनका कहना था कि यह पूरी कोशिश सोना तस्करी मामले से जुड़े सुबूत मिटाने की साजिश है। वहीं, विरोध प्रदर्शन कर रहे भारतीय जनता पार्टी के केरल अध्यक्ष के सुरेंद्रन को हिरासत में ले लिया गया है।

शॉर्ट सर्किट से आग लगने का संदेह

सचिवालय के अधिकारी के अनुसार, कम्प्यूटर में शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लगने का संदेह है, जिसे बुझा दिया गया है। इसके साथ ही अधिकारी ने कहा कोई भी महत्वपूर्ण फाइल नष्ट नहीं हुई है। वे सभी सुरक्षित हैं। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है।

केरल विधानसभा में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

बता दें कि सोना तस्करी समेत अन्य मुद्दों के विरोध में कांग्रेसनीत गठबंधन यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) की तरफ से सोमवार को केरल की वामपंथी सरकार के खिलाफ पेश किया गया था। विधानसभा के अंदर अविश्वास प्रस्ताव 40 के मुकाबले 87 मतों से गिर गया। इससे पहले अविश्वास प्रस्ताव पर करीब नौ घंटे तक बहस चली थी। 140 सदस्यीय विधानसभा के 87 सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव के विरोध में मतदान किया था, जबकि सिर्फ 40 सदस्यों ने पक्ष में वोट डाले थे।

पाकिस्तानी हैकरों ने गृह राज्य मंत्री रेड्डी की निजी वेबसाइट को बनाया निशाना

नई दिल्ली, एएनआइ। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री जी. किशन रेड्डी की निजी वेबसाइट किशनरेड्डी डॉट कॉम को पाकिस्तानी हैकरों ने स्वतंत्रता दिवस के दिन हैक कर लिया। हैकरों ने उनकी वेबसाइट पर कश्मीर व पाकिस्तान संबंधी नारे लिखते हुए भारत सरकार को चेतावनी भी दी। रेड्डी के हैदराबाद स्थित दफ्तर ने मंगलवार को घटना की पुष्टि की।

हैक किए जाने के बाद रेड्डी की वेबसाइट आम लोगों के लिए अस्थायी रूप से अनुपलब्ध हो गई है। फिलहाल हैकिंग के कारणों का पता लगाया जा रहा है। घटना के जानकार अधिकारी ने दावा किया, 'चूंकि पाकिस्तानी हैकरों ने निजी वेबसाइट को निशाना बनाया है, इसलिए इसका उद्देश्य आमलोगों के बीच सूचना का प्रसार करना हो सकता है। किसी महत्वपूर्ण सूचना, निजी पहचान की जानकारी या निजी डाटा की चोरी नहीं हुई है।' अधिकारी ने यह भी दावा किया कि वेबसाइट में सरकार से जुड़ा कोई डाटा उपलब्ध नहीं था। वेबसाइट में केवल मंत्री से जुड़ी निजी जानकारियां और उनकी सार्वजनिक तथा राजनीतिक गतिविधियों की सूचनाएं उपलब्ध हैं। बता दें कि पाकिस्तान हैकर्स का सहारा लेकर भारत में साइबर अटैक करता रहता है। पाकिस्तान के आइटी प्रोफेशनल भारत के सेलिब्रिटियों के ट्विटर अकाउंट को हैक करते रहते हैं। वहीं, देश के केंद्रीय गृह राज्य मंत्री की निजी वेबसाइट हैक करने का यह पहला मामला है।

गौरतलब है कि पिछले महीने ही आइबीएम साइबर सुरक्षा शोधकताओं ने ईरानी हैकरों के एक बड़े गिरोह का पदार्फाश किया था। इस गिरोह से संबंधित डाटा और वीडियो भी पाए गए थे।

ग्रामीण अंचल

प्रयागराज बुधवार, 26 अगस्त, 2020

संक्षेप समाचार

दबंगों से तंग आकर एसएसपी से की शिकायत

मऊआइमा। कतिपय दबंगों एंव शोहदों की हरकतों से एक परिवार तंग आ चुका है तथा इसकी लिखित शिकायत एस एस पी से की है । मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम महरौंडा निवासी एक युवक ने एसएसपी को लिखित शिकायतीपत्र देकर यह आरोप लगाया है कि उसके गांव के कतिपय दबंगों एंव शोहदों से उसका पूरा परिवार आजिज आ गया है । आरोप है कि आएगा दिन शोहदे उसके घर पर चढ आते हैं और बहन बेटियों के साथ छेडखानी एंव अश्लील बोली बोलते हैं । विगत दिनों जब युवक की बहनों के साथ छेडखानी हुई तो वह शोहदों को मना किया। जिसपर दोनों ओर से मारा मारी हुई थी । आरोप है कि मऊआइमा पुलिस उल्टा पीडित पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका ही चालान कर दी थी ।

बारा पावर प्लांट में करोड़ों का पीएफ घोटाला, मुकदमा दर्ज

प्रयागराज। शंकरगढ़ थाने में थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट बारा के कर्मचारियों की तहरीर पर लगभग सात करोड़ के पीएफ घोटाले का मामला दर्ज किया गया है। वहीं दूसरी तरफ प्रबंध तंत्र की तहरीर पर कर्मचारियों के खिलाफ कार्य में बांधा पहुंचने का मामला भी पंजीकृत किया है।

शंकरगढ़ के कपारी निवासी हरीलाल यादव आदि ने शंकरगढ़ थाने में तहरीर देकर थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट के प्रशासनिक में कार्यरत पी.के सिंह, अभिषेक सिंह, संजीव कुमार और अभिनव पाण्डेय पर आरोप लगाया है कि उक्त प्लान्ट में लगभग दस वर्ष से 643 स्थानीय कर्मचारी कार्यरत है। सभी कर्मचारियों का पीएफ पीपीजीसीएल एवं टाटा के अधिकारियों की मिलीभगत से लगभग सात करोड़ का घोटाला किया गया है। कम्पनी मजदूरों को जब पैसे की आवश्यकता हुई तो पीएफ के पैसे की मांग करने लगे। तब उक्त घोटाले का राज खुला तो पावर प्लांट में विरोध प्रदर्शन किया। मामले की जांच कराने के लिए शंकरगढ़ पुलिस को तहरीर दी। वहीं दूसरी तरफ प्रबंध तंत्र ने कर्मचारियों के खिलाफ कम्पनी कार्य में बाधा डालने एवं टाटा के अधिकारियों से अभद्रता और भीड़ एकत्र करने की तहरीर दी है। अपर पुलिस अधीक्षक यमुनापार चक्रेश मिश्रा ने बताया कि कर्मचारियों ने पीएफ के पैसे का घोटाले का आरोप लगाया है और कम्पनी के चार कर्मचारियों के खिलाफ तहरीर दी है। मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी गई है। कम्पनी के अधिकारियों का कहना है पहले जो कम्पनी काम कर रही थी उसके समय का मामला है, हमारे समय का नहीं है। जांच के बाद पता चलेगा। प्रबन्ध तन्त्र की तहरीर पर भी मामला दर्ज किया गया है।

भैंस चोर को ग्रामीणों ने पकड़कर की जमकर पिटाई

ग्रामीणों द्वारा पेड़ से बांधा गया चोर

उतरांव । उतरांव थाना क्षेत्र के सराय बंसी गांव में बीती रात ग्रामीणों ने एक भैंस चोर को पकड़ कर जमकर स्वागत करते हुए उसे पुलिस को सौंप दिया।सराय बंशी गांव निवासी सूबेदार सिंह कुशवाहा व विजय बहादुर कुशवाहा जो पशुपालक हैं।बीती रात 2 बजे के करीब उनकी दोनों भैंस को एक चोर ने दवा सूंघा दिया और दोनों भैंस को खोल कर हाईवे पर ही पहुंचा था कि नव बाजार गांव निवासी कमल सिंह यादव अपने परिवार के किसी सदस्य को आर्या हॉस्पिटल में दिखाने गए थे। उन्हें भैंस ले जाते देख कमल सिंह को शंका हुआ तो कमल सिंह अपनी बोलेरो गाड़ी रोककर चोर से पूछने लगा तो वह अपनी भैंस बताते हुए मारपीट पर आमादा हो गया। अकेला कमल सिंह अपने घर आया और दो चार लोगों को साथ ले गया जहां लोगों ने पीटते हुए जब कड़ाई से पूछा तो उसने सारा सच उगल दिया। इतने में शोरगुल सुन ग्रामीण इकट्ठा हो गए। वही पशुपालक भी मौके पर पहुंच गया।चोर ने अपना नाम राज पटेल पुत्र केवला प्रसाद पटेल निवासी चक हौदा सराय ममरेज बताया। चोर ने बताया की धोनी सिंह पटेल निवासी बाबूगंज जो उसे लेकर यहां आया था जो हमेशा इस कार्य को अंजाम देता है। वही दूसरा चोर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। सुबह सूचना पर पहुंची पुलिस ने चोर को अपने कब्जे में लेकर पूछताछ में जुट गयी। फिर हाल भैंस चोर पकड़े जाने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। लगातार भैंसों की चोरी होती रही अभी तक कोई चोर नहीं पकड़ा गया था। पशुपालक ने दोनों भैंसों की कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपया बताया। ग्रामीणों ने बहादुर साहसी कमल सिंह यादव की जमकर तारीफ करते हुए पीठ थपथपाई।कमल सिंह की बहादुरी ने दो भैस को बचाई।

घरेलू कलह से परेशान होकर मजदूर ने लगाई फांसी

सैदाबाद । क्षेत्र के दुमदुमा गांव के हरिजन बस्ती मे घरेलू विवाद मे मजदूर बीती सोमवार की रात घर के पीछे स्थित एक बाग मे फांसी पर झूल गया । सुबह परिजनो ने उसे पेड़ से लटकता हुआ देखा तो उनके होश उड़ गऐ । सूचना पर मौके पर पहुची चौकी पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पी एम के लिये भेज दिया है ।

कोतवाली हंडिया के कीराव गांव निवासी पेशे से मजदूर रामप्रवेश पुत्र दुखरन की ससुराल हंडिया के दुमदुमा गांव मे स्व पुण्यवासी के यहा है ।बीते पांच दिन से मृतक ससुराल मे आया हुआ था । बीते सोमवार के दिन किसी बात पर दंपति के बीच विवाद हो गया ।सोमवार की रात परिजन खाना खाकर सोने के लिये चले गऐ । मंगलवार सुबह मृतक की पत्नी रंगीला देवी ने उसे लटकते हुऐ देखा तो उसके होश उड़ गये । मृतक रस्सी के सहारे पेड़ की डाल पर झूल गया था । मामले की जानकारी सैदाबाद चौकी पुलिस को दी गई । मौके पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पी एम के लिये भेज दिया है । मृतक की पत्नी रंगीला देवी ने बताया कि वह सिर दर्द से काफी समय से परेशान थे । मृतक के दो पुत्र अरुण व अनुज व दो पुत्रियां संजना व रजनी है ।

अनियंत्रित ट्रक ने खलासी को मारी टक्कर, मौत

हनुमानगंज। सरायइनायत थाना क्षेत्र के अंदावां जीटीरोड स्थित मंगलवार की सुबह एक अनियंत्रित कार ने सड़क के किनारे खड़े एक ट्रक खलासी को टक्कर मारते हुए खड़ी ट्रक के पीछे जा घुसी। ट्रक खलासी योगेन्द्र कुमार यादव 29 पुत्र स्व, अजय बली नि, दुगौली थाना जिगना मिजार्पुर जो ट्रक के पीछे खड़ा था और किसी से बात कर रहा था इतने में अनियंत्रित एक तेज रफ्तार से आरही कार ने जोरदार टक्कर मारदी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौकेपर पहुंची पुलिस ने घायल योगेन्द्र को उपचार हेतु एसारन भेजा जहाँ डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं कार सवार अमित मिश्रा 35 नि, करैली प्रयागराज जो खुद ड्राइव कर रहे थे और साथ में पत्नी स्नेहा व दो वर्षिय मासूम बेटे समेत तीनो घायल होगए । जिसे उपचार हेतु 108 एम्बुलेंस की सेवासे एसारन में भर्ती कराया गया। मृत, योगेन्द्र कुमार यादव का बड़ा भाई लल्लन यादव जो ट्रक चालक है उसी के साथ योगेन्द्र खलासी गीरी करता था। और तीन भाइयों में दूसरे नं पर था। चाचा, अजयनाथ यादव ने हादसे के मामले में पुलिस को तहरीर दी है।

शिवम पाण्डेय बनें अन्तरराष्ट्रीय ब्राह्मण युवजन सभा के जिला मंत्री

करछना। ब्राह्मण युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश मिश्रा जी प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश पदाधिकारी व जिलाध्यक्ष प्रयागराज के सर्वसम्मति से ब्राह्मण के प्रति रूचि को देखते हुए करछना ककरम गांव निवासी शिवम पाण्डेय को अन्तर्राष्ट्रीय ब्राह्मण युवजन सभा प्रयागराज का जिला मंत्री मनोनीत किया गया है ।यह मनोनय जिलाध्यक्ष लक्ष्मीकान्त द्विवेदी ने किया है आनलाईन मीटिंग करके जिलाध्यक्ष व प्रदेश पदाधिकारी नें शिवम पाण्डेय को जिला मंत्री के पद से सम्मानित किया गया । जिला मंत्री बनने पर शिवम पाण्डेय राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी व जिलाध्यक्ष का आभार व्यक्त किया ।

मोहर्रम पर्व पर झंडा गाड़ने पर हुआ विवाद

करछना। क्षेत्र के गलिवाबाद मे मोहर्रम त्योहार को लेकर दो समुदायों में रास्ते में झंडा लगाने को लेकर तनाव उत्पन्न हो गया जिसको लेकर दोनो समुदायो के लोग अपनी अपनी शिकायत लेकर उप जिलाधिकारी करछना आकांक्षा राना के समक्ष शिकायत की। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी ने पूर्व मे हुए फैसले के तहत त्योहार मनाने की हिदायत दी। उ?होने दोनो पक्षो से समझौते का पालन करने की बात कही और कहा कि जो पक्ष हुये समझौते का पालन नही करता उसके खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी। वही एक पक्ष को रास्ते पर झंडा न लगाने की हिदायत देते हुए कहा कि 2019 मे हुए समझौते में नया कार्य न करने की बात कही। उन्होने सौहार्द के साथ त्योहार मनाने को कहा और कहा किसी भी प्रकार की अराजकता की स्थिति में कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

चार वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

लालापुर। लालापुर पुलिस ने मंगलवार के दिन काफी दिनो से चल रहे चार वारंटीयों को पकड कर जेल भेजा लालापुर थाने के एसआई समीर सिंह अपने पुलिस टीम के साथ सुजौना गांव में मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तों के घर में छापेमारी की जिसमें 4 वांछित अभियुक्तों को पकड़ लिया पुलिस ने बताया कि उपर्युक्त सभी आरोपी एक मामले के आरोपी थे जिनके खिलाफ कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया था जिस पर लालापुर थाना अध्यक्ष अमित कुमार राय ने विधिवत कार्यवाही कर आरोपियों को जेल भेज दिया । अभियुक्त -1.मीना कुमारी पत्नी कल्लूराम उम्र 34 वर्ष, 2- बहुगुणा कोल पुत्र स्व० पंगुल कोल उम्र 58 वर्ष, 3- कल्लूराम उर्फ राजकुमार उम्र 35 वर्ष, 4- भीम उर्फ अर्जुन उम्र 19 वर्ष पुत्रगण संतलाल कोल निवासी ग्राम सुजौना, थाना लालापुर।

लालापुर पुलिस की गिरफ्त में वांछित अभियुक्त

सपाईयों ने सपा जिलाध्यक्ष को दी बधाई

करछना। मंगलवार को क्षेत्र के करेहा गांव मे सपा कार्यकर्ताओ की एक बैठक आहूत की गई। इस दौरान सपा नेता डा0 अमर बहादुर सिह यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष योगेश यादवए महासचिव सदीप पटेलए उपाध्यक्ष अनिल और रामसुमेर पाल को नामित किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया। उ?होने कहा कि पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है उससे पार्टी को और मजबूती प्रदान करेगी। योगेश के जिलाध्यक्ष चुने जाने से युवा कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा जिससे आगामी चुनावों में पार्टी को इसका लाभ मिलेगा। इस मौके पर आशीष यादवए शहबाज हकए मुकेश कुमारए संदीप सिंह सहित दर्जनों सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

करछना में दो दिन रोजगार सेवक कार्य से रहेंगे विरत

लेकर बीडीओ की अनुपस्थिति मे वरिष्ठ लेखाकार को 8 सूत्रीय ज्ञापन सौपा

करछना। गांवो में विकास कार्यो में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले रोजगार सेवक मनरेगा कर्मचारी संघ के आह्वान पर 26,27 अगस्त को कार्य से विरत रहेंगे। अपनी मांगों को लेकर बीडीओ की अनुपस्थिति मे वरिष्ठ लेखाकार अल्पनारायण सिंह को 8 सूत्रीय ज्ञापन सौपा। झारखंड मे अपनी नीतिगत मांगो को लेकर मनरेगा कर्मी अनिश्चित कालीन हडताल पर है जिसको लेकर राज्य सरकार द्वारा सेवा समाप्त किए जाने के विरोध मे उत्तर प्रदेश मनरेगा कर्मचारी संघ के आह्वान पर मंगलवार को करछना में कार्यरत मनरेगा कर्मी 26.27 अगस्त को कलमबंद हड़ताल पर रहेगें जिसको लेकर मांग पत्र सौपा गया। मनरेगा कर्मियों की मुख्य मांगे वर्षो से काम कर रहे कर्मियो को सरकारी सेवक घोषित करनेए कर्मचारी को 24 हजार मानदेय दिये जानेए मनरेगा कर्मिको को चलाई जा रही ग्रामीण योजनाओ मे योगदान लेनेए पूरे प्रदेश के मनरेगा कर्मिको को उनके पदो के हिसाब से मानदेय देनेए मनरेगा सेवा पुस्तिका बनाये जाने का आदेश जारी करनेए मनरेगा कर्मिको को स्थाई पदों के समान स्वास्थ्य बीमा अनुकंपा के आधार पर नौकरी व अन्य भत्ते दिए जाने सहित 8 मांगे शामिल है। इस मौके पर महेन्द्र कुमार, मनीष शुक्ला, रोहित कुमार, सचिन, संजय शुक्ला, रामचन्द्र, मिथिलेश, संदीप सिह आदि मौजूद रहे।

सारे महीनों से अफजल है माहे मुहर्रम : जैनुल आब्दीन

फूलपुर। माहे मुहर्रम का चाँद दिखते ही मुस्लिम बाहुल्य इलाको मे अजादारी तथा मजलिसो का आयोजन करके नबी के नवासे हजरत इमाम हुसैन तथा जंगे कर्बला पर आलिमेदीन पुर दर्द बयानात करने का सिलसिला चालू हो गया।इस बार कोरोना के चलते सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए अपने घरो मे ही मुहर्रम के समस्त आयोजनो की इजाजत है। इमाम चौको पर कुछ भी करने की मनाही की गई है। मौलाना नूरूल हुदा कादरी ने बाबूगंज बाजार के पत्रकार जैनुल आबदीन हाशमी के आवास पर मंगलवार को हजरत इमाम हुसैन और उनके 72साथियो द्वारा दीन और इस्लाम को बचाने के हेतु भूख प्यास तथा तेगो तीर की बौछार के बीच दीन को बचाने हेतु जो बेमिस्ल व बेमिसाल कुबार्नी पेश की उसकी नजीर दुनिया के किसी धर्म या मजहब मे नही मिलती। वरिष्ठ पत्रकार जैनुल ने कहा कि माहे मुहर्रम सभी महीनों से अफजल होता है। इस बीच पुर दर्द नौहो और मनकबत से शहीदाने कर्बला को खेराजे अकीदत का नजराना पेश किया गया ।कार्यक्रम मे हाजी हाफिज अब्दुल खालिक, अली अहमद हाशमी, कारी मोहम्मद हुसैन, मोहम्मद मोबीन, मोहम्मद सैफ, मोहम्मद नईम, कमरूल हुदा कुरैशी, वरिष्ठ पत्रकार महमूद अहमद आदि मौजूद रहे ।

शहीदाने कर्बला को खेराजे अकीदत का नजराना पेश करते अकीदतमंद

भारतीय किसान कल्याण संघ के जिला मीडिया बनें अशोक सिंह

करछना। भारतीय किसान कल्याण संघ की एक बैठक रामपुर करछना प्रयागराज में आहूत की गई जिसमें संघ के राष्ट्रीय संयोजक श्री पवनेश उपाध्याय के दिशा निर्देश पर प्रदेश प्रभारी श्री कार्तिकेय मिश्रा एवं प्रदेश अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी संत जी बुंदेलखंड प्रभारी श्री अरुण चौरसिया को संज्ञान में लेते हुए श्री सुरेंद्र बहादुर सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रयागराज के प्रयास से जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में अशोक सिंह इनको सर्वसम्मति से जी जिला मीडिया प्रभारी के रूप में संघ में नियुक्ति किया जाता है पूरे जनपद में श्री सिंह के मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर हर्ष व्याप्त है निश्चित रूप से आपके आने से संघ को मजबूती मिलेगी श्री सिंह के द्वारा मीडिया के माध्यम से किसानों की समस्याओं का समुचित निराकरण कराने में सक्षम होंगे ।

सपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रति जताया आभार

खीरी। वरिष्ठ समाजसेवी एवं वरिष्ठ सपा नेता डॉक्टर निसार अहमद के आवास पर समाजवादी कार्यकताओं की अहम बैठक की गई' बैठक में डॉक्टर निसार अहमद ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष योगेश यादव व पुनः महानगर अध्यक्ष बनाए गए सैयद इफ्तिखार हुसैन को बधाई दी और बतलाया कि यह इनकी ईमानदारी व पार्टी के प्रति निष्ठा का परिणाम है की राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पूरे जिले की कमान इन्हें सौंपी है' आज समूचे प्रदेश में जंगल राज कायम हो गया है जनता इस गुंडाराज से परेशान हो गई है' और जनता का कोई सुनने वाला नहीं है। विकास की बातें सिर्फ फर्जी साबित हो रही है चारों ओर लूटमार मची हुई है परंतु प्रदेश और देश में बैठी सरकार को कोई भी फर्क नहीं पड़ रहा है। आगे नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तिखार हुसैन ने कहा कि पार्टी ने जो भी हमें दायित्व दिया है उसे बहुत ही ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ निर्वहन करूँगा। और पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता हमारे लिए बहुमूल्य है अगर उसके साथ किसी भी प्रकार का गलत व्यवहार किया जाता है तो संपूर्ण पार्टी एवं जिले के सभी कार्यकर्ता उसके साथ खड़े रहेंगे। और आगामी चुनाव में हमारी पार्टी की सरकार बड़े बहुमत से बनने जा रही है' उक्त बैठक में मुख्य रूप से एडवोकेट किताब अली, माशूक अहमद, संदीप यादव, मुशीर अहमद, कसान सिद्दीकी, धीरू पासी, विजय केसरी, दिलीप यादव, रूप नाथ यादव, मोहम्मद अजहर आदि लोग उपस्थित रहे।

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त करते सपा कार्यकर्ता

जसरा सीएचसी में मिले पांच संक्रमित, मचा हड़कंप

जसरा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा में कोरोना जांच के लिए कुल इक्यावन लोगों ने अपनी अपनी जांच कराई । जिसमें दो महिला सहित तीन युवक कोरोना पाजिटिव पाये गये। सूचना जैसे ही जारी, घूरपुर व चितौरी गांव में पहुंची तो लोगों में हड़कंप मच गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा में कोरोना जैसी वैश्विक महामारी को देखते हुए प्रतिदिन कोविड-19 जांच के लिये दोपहर बारह बजे से दो बजे दिन तक जांच किया जा रहा है। सीएचसी अधीक्षक डा०तरुण पाठक ने बताया कि मंगलवार को कुल इक्यावन लोगों ने जांच कराया। जिसमें चितौरी से एक पुरुष,जारी बाजार से दो पुरुषों के साथ एक महिला जब कि तीनों एक ही परिवार की हैं । साथ ही घूरपुर में एक महिला पाजिटिव पाई गई है। सीएचसी अधीक्षक डा०तरुण पाठक ने बताया कि पांचों संक्रमितों को प्रयागराज के कालिन्दीपुरम के लिए भेज दिया गया है। घूरपुर में एक संक्रमित महिला की दो दिन पहले मौत हो गई है। आज उसके परिजनों ने सीएचसी जसरा में कोरोना की जांच कराया जिसमें यह महिला पाजिटिव पायी गई। इस महिला के संक्रमित होने की जानकारी मिलते ही परिवार में हड़कंप मच गया।

कोरोना संक्रमित मिलने से मचा हड़कंप

व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखतें हुए लाकडाउन तक मासिक बंदी निष्क्रिय : सुरेंद्र सिंह

करमा। घूरपुर व्यापार मण्डल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पटेल के नेतृत्व व्यापार मंडल के अनेकों पदाधिकारियों के मौजूदगी में सामाजिक दूरी का पालन के साथ मास्क लगाकर एक बैठक संपन्न की गयी जिसका मुख्य उद्देश्य यह था कि घूरपुर के भीटा बाजार इत्यादि आसपास की दुकानें प्रत्येक माह की 25तारीख कों होनें वाली मासिक बंदी लाकडाउन तक निष्क्रिय रखी जाएं क्युकी पिछले कई महीनों से कोरोना संक्रमण की वजह से व्यापारियों की हालत दिनोंदिन बदतर होती जा रहीं हैं व्यापारियों के सामने आजीविका के साथ कमरे का किराया इत्यादि आर्थिक दबाव बढ़ रहें दिन प्रतिदिन व्यापारी वर्ग अवसाद का शिकार हों रहें हैं इसलिए मासिक बंदी अब प्रभाव से हटानें का सामूहिक फैसला घूरपुर व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के द्वारा लिया गया ।

प्रयागराज हलचल

संक्षेप समाचार

नेशनल ग्रेजुएट फिजिक्स परीक्षा-2020

प्रयागराज। विगत 23 अगस्त को गूगल मीट के माध्यम से सम्पन्न हुए नेशनल ग्रेजुएट फिजिक्स परीक्षा-2020 के अंतिम चरण की परीक्षा के परिणाम आज घोषित हुए। यह जानकारी ऑक्टा के महासचिव डॉ. उमेश प्रताप सिंह ने देते हुए बताया है कि सफल विद्यार्थियों में सेंट स्टीफेंस कॉलेज दिल्ली के मानव बेनीवाल, आइजर पुणे के जॉन फर्नान्डिस, सेंट जेवियर्स कोलकत्ता की आयुषी मुखर्जी, आर के मिशन कॉलेज बेलूर मठ की देब शुभ्रा चक्रबर्ती एवं बर्धमान राज कॉलेज के सुदीप चक्रबर्ती रहे। परीक्षा समन्वयक डॉ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि सभी सफल विद्यार्थियों को इंदौर में होने वाले वार्षिक सम्मेलन में स्वर्ण पदक एवं बीस हजार रुपये का नगद पुरुस्कार दिया जाएगा।

राजस्व वसूली की प्रगति के सम्बंध में समीक्षा बैठक

प्रयागराज। मण्डलायुक्त आर0 रमेश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को गांधी सभागार में राजस्व वसूली की प्रगति के सम्बंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मण्डलायुक्त ने वाणिज्य कर, स्टाम्प एवं निबंधन, आबकारी, परिवहन विभाग तथा विद्युत विभाग की राजस्व वसूली की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को अभियान चलाकर लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली की प्रगति सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया है। मण्डलायुक्त ने वाणिज्य कर विभाग के राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए अपर आयुक्त वाणिज्य कर को मण्डल के प्रत्येक जनपद में सबसे कम वसूली करने वाले तीन अधिकारियों के विरूद्ध स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश दिया है साथ ही

अधिकारियो संगम समीक्षा करते मण्डलायुक्त

साथ उन्होंने लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली भी सुनिश्चित करने के लिए कहा है। उन्होंने उपायुक्त आबकारी को भी लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत वसूली की कार्रवाई सुनिश्चित किये जाने के साथ-साथ अवैध शराब के विरूद्ध भी अभियान चलाकर छापेमारी की कार्रवाई किये जाने का निर्देश दिया है। परिवहन विभाग की समीक्षा में लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली की प्रगति न पाये जाने पर सम्भागीय परिवहन अधिकारी को प्रवर्तन की कार्रवाई में तेजी लाते हुए राजस्व वसूली की प्रगति को बढ़ाये जाने का निर्देश दिया है। मुख्य अभियंता विद्युत को भी अभियान चलाकर राजस्व वसूली में प्रगति लाये जाने का निर्देश दिया है। बैठक में सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के द्वारा कोविड-19 के कारण राजस्व वसूली प्रभावित होने की बात कहीं गयी। मण्डलायुक्त ने सभी सम्बंधित विभागों को निर्धारित मासिक एवं क्रमिक लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली की प्रगति सुनिश्चित किये जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों को रणनीति बनाकर तथा लगनपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिये और कहा कि जो भी रूकावटे आ रही है उसको दूर करते हुए राजस्व प्राप्ति में बढ़ोत्तरी करें, जिससे कि लक्ष्य प्राप्त हो सके। इस अवसर पर अपर आयुक्त भगवान शरण, उपायुक्त आबकारी, अपर आयुक्त वाणिज्य कर, उप महानिरीक्षक स्टाम्प एवं निबंधक, सम्भागीय परिवहन अधिकारी एवं मुख्य अभियंता विद्युत सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सपा के नए जिलाध्यक्ष योगेश सहित नवनियुक्त पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

समाजवादी पार्टी को मजबूती देना पहली प्राथमिकता : योगेश

प्रतिमा पर माल्यार्पण के उपरान्त सपा नेता व कार्यकर्ता

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष योगेश यादव को सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण मूर्ति सिंह यादव ने जार्जटाउन स्थित कार्यालय में मंगलवार को माला पहनाकर उन्हे जिलाध्यक्ष की कुर्सी पर बैठाया। इस दौरान सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत हुआ।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष योगेश यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संघर्ष की बेला में पूरी निष्ठा और कड़ी मेहनत करके संगठन को जिला, विधान सभा और सेक्टर, ब्लाक व बूथ स्तर पर सभी पार्टी जनों के सहयोग से मजबूती के लिए काम करेंगे। यह उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा 2022 में सपा की सरकार बनाने के लिए घर घर, जन जन तक सपा की नीतियों, पूर्व सरकार में किए गए कार्यों को याद कराते हुए समर्थन जुटाने के लिए दिन रात कार्य करेंगे।

सपा जिलाध्यक्ष ने पार्टी कार्यालय स्थित पूर्व जिलाध्यक्ष स्व. बाबू जवाहर सिंह यादव की प्रतिमा, सिविल लाइंस स्थित डॉ. राममनोहर लोहिया की प्रतिमा एवं हाइकोर्ट चैराहे पर स्थित डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर एमएलसी बासुदेव यादव, राम बृक्ष यादव, पूर्व अपर महाधिवक्ता कमल सिंह यादव, पूर्व सांसद नागेन्द्र सिंह पटेल, पूर्व विधायक रामसेवक पटेल, पूर्व मंत्री रामानंद भारतीय, पूर्व जिलाध्यक्ष पंधारी यादव, नरेंद्र सिंह, दूधनाथ पटेल, महावीर यादव, संदीप यादव, गीता पासी, दान बहादुर मधुर, सैयद मो अस्करी, संतलाल वर्मा, रेखा उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने रेलवे हॉस्पिटल का किया निरीक्षण, दिये आवश्यक निर्देश

प्रयागराज। जिलाधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी मंगलवार को रेलवे अस्पताल का निरीक्षण कर तथा बैठक करते हुए अस्पताल में भर्ती कोविड मरीजों के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये है। उन्होंने वहां पर साफ-सफाई की व्यवस्था, कर्मचारियों की उपलब्धता एवं भर्ती मरीजों हेतु की गयी व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अस्पताल में आवश्यक उपयोगी सामाग्री, औषधियों तथा उपकरणों की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि संदिग्ध व्यक्ति को कोरोना संक्रमण की जांच रिपोर्ट आने तक फैसिलिटी क्वारेंटाइन में रखा जाये। यदि रिपोर्ट निगेटिव आती है, तो उसे घर भेजने से पहले ये बताया जाये कि 14 दिन तक होम कोरेन्टाइन रहना है एवं व्यक्ति पर विशेष निगरानी रखी जाये तथा यदि व्यक्ति के कोरोना संक्रमण की पुष्टि होती है, तो उसे लक्षणों के आधार पर एल-1, एल-2 या एल-3 चिकित्सा ईकाईयों पर एडवांस लाइफ सपोर्ट/108 एम्बुलेंस के माध्यम से लाया जाये। उन्होंने कर्मचारियों की उपलब्धता एवं कर्मचारियों के द्वारा मानक के अनुसार शिफ्ट में कार्य किया जा रहा है या नहीं, जिसपर वहां के चिकित्सा अधीक्षक के द्वारा बताया

बैठक के दौरान निर्देश देते जिलाधिकारी

गया कि मानक के अनुरूप शिफ्ट वाइज डॉक्टर, नर्स एवं वार्ड ब्वाय की टीम लगायी गयी है। जिलाधिकारी ने वहां पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को और डॉक्टरों को बढ़ाने के निर्देश दिये है तथा मानक के अनुसार स्टाप नर्स एवं वार्ड ब्वाय की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ से भी कार्य किये जाने के सम्बंध में जानकारी ली, जिसपर बताया गया कि कार्य करने में कोई समस्या नहीं है, भर्ती मरीजों का इलाज सुचारू रूप से किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने डाक्टर्स और वेंटीलेटर की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि मरीजों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो, आप लोग पूरे मनोयोग के साथ कार्य करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी- आशीष कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी - डॉ0 जी0एस0 वाजपेयी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी -डॉ0 आर0एस0 ठाकुर सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे।

घरेलू कलह से महिला ने ट्रेन से कटकर दी जान

प्रयागराज। माण्डा थाना क्षेत्र के इमिलिया ऊंचडीह गांव के समीप मंगलवार की सुबह एक महिला ने ट्रेन कें आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। खुदकुशी की वजह घरेलू कलह बताया जा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। मेजा थाना क्षेत्र के चपरतला गांव निवासी मनीषा देवी (22) पत्नी राजेश मंगलवार की सुबह अपने भाई की बेटी को छोड़कर घर से निकली और लगभग दो किलोमीटर दूर माण्डा के इमिलिया गांव के समीप ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होते ही परिवार के लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। आत्महत्या की वजह घरेलू कलह बताया जा रहा है।

कनिष्ठ सहायक भर्ती के खाली पदों को भरने की मांग में याचिका, राज्य सरकार व आयोग से जवाब तलब

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उ प्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की 2016 की 5288 कनिष्ठ सहायक पदों की भर्ती में खाली पदों को कैरी फारवर्ड करने की वैधता की चुनौती याचिका पर राज्य सरकार व आयोग से तीन सप्ताह में जवाब मांगा है। यह आदेश न्यायमूर्ति सरल श्रीवास्तव ने देवरिया के अमित कुमार पाण्डेय व तीन अन्य की याचिका पर दिया है। याचिका पर याची के अधिवक्ता ने बहस करते हुए कहा कि आयोग ने प्रदेश के 71 जिलों के 5288 कनिष्ठ सहायक पदों की भर्ती निकाली। लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के बाद 13

अक्तूबर 18 को चयन परिणाम घोषित किया गया। कोई प्रतीक्षा सूची तैयार नहीं की गयी। चयनित अभ्यर्थियों में से होमगार्ड व शारीरिक रूप से अक्षम कोटे के पद खाली रह गये, जिन्हें कैरी फारवर्ड किया जा रहा है। जब कि प्रतीक्षा सूची न होने और कट आफ मेरिट के नीचे व समान अंक पाने वाले याचियों को चयनित होने का मौका दिया जाना चाहिए। जिस पर यह याचिका दाखिल की गयी है।

टीचरों की भर्ती: फार्म में गलती करने वाले अभ्यर्थियों ने एकल जज के आदेश को अपील में चुनौती दी

प्रयागराज। 69 हजार सहायक अध्यापक भर्ती में आवेदन फार्म में विभिन्न प्रकार की त्रुटियां करने वाले अभ्यर्थियों ने एकल न्यायपीठ के आदेश को स्पेशल अपील दाखिल कर चुनौती दी है। एकल पीठ ने त्रुटियां सुधारने का आदेश देने से इंकार करते हुए याचिकाएं खारिज कर दी थी।

इसके खिलाफ आशुतोष कुमार श्रीवास्तव व 35 अन्य तथा कई अन्य अपीलें दाखिल की गई हैं। अपील पर सुनवाई कर रही मुख्य न्यायमूर्ति गोविंद माथुर और न्यायमूर्ति एसडी सिंह की पीठ ने सभी अपीलों को अंतिम निस्तारण हेतु तीन सितंबर को प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

अपीलार्थियों के अधिवक्ता का कहना था कि याचीगण ने सहायक अध्यापक पात्रता परीक्षा के लिए परीक्षा नियामक प्राधिकारी के समक्ष आवेदन किया था। एक दिसंबर 2018 को शासनादेश आया कि इस परीक्षा के आवेदन में दी गई प्रविष्टियों को आगे के लिए भी अंकित किया जाएगा। याचीगण परीक्षा में सफल हो गए। इसके बाद नियुक्ति हेतु उनसे दुबारा आवेदन मांगा गया। इस बार भी पूरा ब्यौरा मांगा गया। जबकि होना यह चाहिए था कि नियुक्ति के लिए मांगे गए आवेदन में सिर्फ सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा का प्राप्तांक और जिले की वरीयता मांगी जानी चाहिए। क्योंकि 15 मार्च 2018 को हुए 22वें संशोधन में स्पष्ट है कि नियुक्ति के लिए सिर्फ उन्हीं लोगों के आवेदन लिए जाएंगे जो सहायक अध्यापक पद की अर्हता रखते हैं। अधिवक्ता का कहना था कि याचीगण भर्ती परीक्षा में अपने प्राप्तांकों के आधार पर सफल हुए हैं। दुबारा आवेदन में हुई त्रुटि को सुधारने का मौका दिया जाना चाहिए या उनसे नए सिरे से आवेदन लिया जाए।

पुलिस ने अनशन स्थल को खाली कराया, सात छात्र हिरासत में

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र अंतिम वर्ष की परीक्षा समेत पांच सूत्रीय मांगों के समर्थन में 35 दिन से अनशन पर बैठे थे। मंगलवार की दोपहर में पुलिस ने उन छात्रों के खिलाफ सख्ती की। अनशन समाप्त कराने के लिए पहले पुलिस ने समझाया। जब छात्र नहीं माने तो हल्का बल प्रयोग करके उन्हें हिरासत में ले लिया। उन सभी को वाहनों में ले जाया गया है। अब मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जाएगा। बता दें कि अंतिम वर्ष की परीक्षा समेत पांच सूत्रीय मांगों को लेकर इन दिनों इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र छात्रसंघ भवन के समक्ष अनशन कर रहे थे। मंगलवार को भी काफी संख?या में छात्र सुबह से ही पहुंचे थे। पुलिस भी

अनशन कर रहे छात्र को ले जाती पुलिस

छात्रसंघ भवन पर पहुंची। दोपहर में जब पुलिस ने छात्रों को अनशन समाप्त करने को कहा तो हो-हल्ला मचने लगा। इस पर पुलिस ने हल्की सख्ती दिखाते हुए अनशन पर बैठे सात छात्रों को हिरासत में ले लिया। वाहन से छात्रों को ले जाया गया। इस दौरान नारेबाजी भी कर रहे थे।

हॉस्टल में प्रवेश को लेकर छात्रों का सत्याग्रह जारी

उधर इलाहाबाद विश्वविद्यालय हॉस्टल में प्रवेश न मिलने के विरोध में छठें दिन भी छात्रों का सत्याग्रह आंदोलन जारी रहा। डीएसडब्ल्यू कार्यालय के बाहर फिर छात्रों ने पूरी रात गुजारी। एनएसयूआइ की इकाई अध्यक्ष सत्यम कुशवाहा ने कहा कि अगर विश्वविद्यालय हमारे मूल अधिकार का हनन और दमन कर रहा है तो हम भी अपने संविधान प्रदत्त अधिकार की जानकारी रखते हैं। इसे प्राप्त करने के लिए हम लगातार मोर्चे पर डटे रहेंगे। शरद शंकर ने कहा जहां शिक्षक छात्रों के स्वर्णेम भविष्य हेतु समर्पित रहते हैं, वही आज शिक्षक का रूपांतरण भक्षक के रूप में होता प्रतीत होता है।

पुतला दहन को लेकर पुलिस और छात्रों में हुई थी छीनाझपटी

इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय (इविवि) के छात्रसंघ भवन पर समाजवादी छात्रसभा की तरफ से सोमवार को तमाम मांगों के समर्थन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुतला फूंका गया था। भनक लगने पर चौकी प्रभारी विश्वविद्यालय हर्ष वीर सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान पुलिस और छात्रों के बीच हुई पुतले की छीनाझपटी में चौकी प्रभारी झुलस गए। मामले में कर्नलगंज पुलिस ने मारपीट, सरकारी काम में बाधा डालने और महामारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था।

अखण्ड भारत संदेश के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

मुद्रक/प्रकाशक
स्वामी श्री योगी सत्यम

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

सपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों का हुआ जोरदार स्वागत

- सपा कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर दी बधाई
- राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नसीरुद्दीन ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

फूलपुर। पार्टी के प्रति वफादारी व आमजन की सेवा के लिए हर पल तैयार रहने वाले योगेश यादव को सपा ने प्रयागराज का जिलाध्यक्ष बनाया तो कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष योगेश चंद्र यादव व जिला उपाध्यक्ष राम सुमेर पाल के साथ ही जिला महासचिव संदीप पटेल व जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव का समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने फूलपुर में मंगलवार को जोरदार स्वागत किया। सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नसीरुद्दीन राईन के नेतृत्व में सैकड़ों सपाइयों ने फूल मालाओं से लादकर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत किया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए सपा नेता नसीरुद्दीन राईन ने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने 2022 के विधानसभा चुनाव में फतह हासिल करने के लिए कमर कस ली है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि

नवनियुक्त पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत करते हुए सपा कार्यकर्ता

जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान जरूरी : कुमार मंगल

फूलपुर। सपा द्वारा प्रयागराज जनपद में एक बार फिर योग्य व कर्मठ जिलाध्यक्ष के मनोनयन पर स्थानीय कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। इसी को लेकर फूलपुर के शेखपुर उत्तरी स्थित समाजवादी युवजन सभा के निवर्तमान विधानसभा अध्यक्ष कुमार मंगल के आवास पर समाजवादियों की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता फूलपुर सेक्टर प्रभारी सैयद सोहेल अहमद व संचालन अखिलेश यादव ने किया।

प्रयागराज जनपद की अधिकतम सीट जीतकर अखिलेश यादव जी को एक बार फिर से उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाएं। वहीं नवनियुक्त पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए तन मन धन से पार्टी को मजबूती प्रदान करने की बात कही। इस दौरान सपा नेता सुधीर द्विवेदी, दिनेश यादव, शालू यादव, नेहाल अहमद, परवेज आलम, अरशद खान, सौरव यादव, फिरोज राइन, अखिलेश यादव, प्रफुल्ल यादव, सर्वेश यादव, रविंद्र पाल, अमित बाहुबली, शीतला पाल, चंद्रजीत यादव, सहित सैकड़ों सपा कार्यकर्ता मौजूद रहें।



प्रयागराज बुधवार, 26 अगस्त, 2020

क्रियायोग सन्देश

केवल 'परब्रह्म' का अस्तित्व है क्रियायोग का अभ्यास

झूंसी, प्रयागराज। हमारे जीवन का उद्देश्य 'परब्रह्म की अनुभूति करना' है। इसलिये क्रियायोग का अनवरत अभ्यास करना मानव जीवन का लक्ष्य है।

क्रियायोग के अभ्यास से हम अनुभव करते हैं कि परब्रह्म, दृष्य व अदृष्य जगत के रुप में प्रकाशित हो रहें हैं। क्रियायोग अभ्यास करने के लिये हम परब्रह्म के निकटतम साकार अस्तित्व में एकाग्रता का अभ्यास करते हैं। सिर से पैर तक की अनुभूति ही ईश्वर की निकटतम साकार अस्तित्व की अनुभूति है, यह साकार अनुभूति निराकार अनुभूति के साथ उसी तरह संयुक्त है जिस तरह दहकती आग के साथ आग की गर्मी। एकाग्रता के इस अभ्यास को क्रियायोग का अभ्यास कहते हैं। योगावतार लाहिड़ी महाशय ने कहा हैः 'क्रियायोग ईश्वर का अद्भुत रूप है'। हम इस विचार से अच्छी तरह परिचित हैं कि हमें भगवान की तलाश के लिए किसी उपकरण, टेकनीक या उपाय की आवश्यकता है। क्रियायोग एक सरलतम, श्रेष्ठतम उपाय है। क्रियायोग से हमें अभी अनुभव करना है कि क्रियायोग, क्रियायोग करने वाला और ईश्वर एक है । अपनी चेतना के भीतर यह ज्ञान पैदा करना है कि

निर्माता, निर्माण का तरीका और निर्माण, तीनों तीन नहीं बल्कि एक हैं। भगवान सभी रूपों में प्रकट हो रहें हैं। इसलिए क्रियायोग और ईश्वर के बीच कोई दूरी नहीं है - 'क्रिया ईश्वर है'।

हमें क्रियायोग के विज्ञान को अधिक से अधिक सीखने और सीखाने की प्रबल प्रयत्न की आवश्यकता है। इस प्रकार प्रयत्न करने पर हम भी क्रियायोग के अभ्यास के सिद्ध परिणामों का अनुभव कर सकेंगे। इसलिए, क्रियायोग का 'अधिक और अधिक' अभ्यास करते रहें। क्रियायोग का अर्थ है ईश्वर की उपस्थिति का अभ्यास करना। जब तक हमें सत्य की अनुभूति न हो तब तक क्रियायोग का अभ्यास अधिक से अधिक करते रहें। शीघ्रता से हमें अनुभव करना चाहिए कि भगवान परमाणु और अणु बन गए हैं, और वही बनस्पति जगत, पशु जगत, मानव जगत, देवदूत और पूरे ब्रह्मांड के रूप में प्रकाशित हैं। फिर, हम समझ सकेंगे कि ब्रह्माण्ड की रचनायें लुका-छिपी के एक हर्षित नाटक की तरह हैं। हम रचनाओं के अनूठे नृत्य के एक उत्साही पर्यवेक्षक होंगे, कभी दिखाई देंगे और कभी गायब हो जाएंगे। रचनाओं के परिवर्तनों के इस आध्यात्मिक लुका-छिपी को शिव का अनूठा नृत्य कहा जाता है। सत्य की अनुभूति करते ही हम स्वभाव से शांत और अहिंसक बन जाते हैं। हमारी अगली ज़िम्मेदारी हमारे चारों ओर दुनिया के सभी देशों में शांति और अहिंसा की इस चेतना को प्रसारित करना है। भारत चारों ओर के राष्ट्रों को शांति और अहिंसा की किरणें बिखेरने के लिए जाना जाता था। इसलिए, यह भारत माता के रूप में जाना जाता था। आइए हम एक बार फिर, सभी देशों के लिए चेतना के आंदोलन की इस यात्रा को शुरू करें। फिर याद करिये कि यह सब आसानी से क्रियायोग के सम्यक विस्तार से सम्भव है।

God Alone - Kriya Is God - More and More – Singularity

The aim of our lives is to realize and experience "God Alone". This means that we live each moment with the highest principle – "God has become All" (ekoham bahushyam). We begin this practice by concentrating on the place closest to us – our head to toes. Feel each and every perception from the top of our head to the tip of our toes as the manifestation of God – "God Alone" . We should accept all perceptions with greatest honour and respect because God has become all changes that we perceive. This is known as the practice of Kriyayoga.

Yogavatar Lahiri Mahasaya has said : "Kriya Is God". We are well-acquainted with the idea that we need some tool or technique to seek God – Kriyayoga. However, we have yet to instill within our consciousness that the creator, the tool/method of creation and the creation are one. There is no distance between creator, creation and tool of creation. God has manifested in all forms. Therefore, there is no distance between Kriyayoga and God – "Kriya Is God".With accessibility of the greatest proven tool – Kriyayoga – manifested for humanity to know God (Infinite Power, Knowledge & Peace and Immortality), we need to learn and practice the science of Kriyayoga more and ever more. In this way, we too can experience the proven results of the practice of Kriyayoga Science. Therefore, keep practising Kriyayoga "More & More".

Practising Kriyayoga means to practise presence of God. Keep practising more and more until we realize "Singularity" – that God has become atoms and molecules, plant kingdom, animal kingdom, human beings, angels and the whole Cosmos. Then, we will be a blissful observer of the unique dance of creations, appearing and disappearing, like a joyful play of hide-and-seek. This spiritual hide-and-seek of the changes of creations are referred to as the unique dance of Shiva.

When we have in-depth knowledge and perception of all changes around us and realize Immortality in nature, we will become peaceful, calm and non-violent in nature. Then, our next responsibility becomes to radiate this consciousness of peace and non-violence all around us and in all nations of the world. India was known to radiate rays of peace and non-violence to the nations all around. Hence, it was once known as Mother India. Let us once again, begin this journey of movement of consciousness to all nations everywhere, to bring the highest good for all Cosmos.